Name : ....

Roll No. : ....

कुल प्रश्नों की संख्या : 15]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

XII HY-202010

विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे]

[पूर्णांक : 80

निर्देश : (i) निर्देशानुसार सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। कुल 15 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों (खण्ड-'अ', 'ब', 'स') में विभाजित हैं।

(iii) प्रश्न का अंक विभाजन उसके सम्मुख अंकित है।

(iv) अतिलघुउत्तरीय प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। शब्द-सीमा 20 शब्द है।

(v) लघुउत्तरीय प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(vi) लघुउत्तरीय प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(vii) दीर्घउत्तरीय प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। शब्द-सीमा 80 शब्द है।

(viii) दीर्घउत्तरीय प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। शब्द-सीमा 150 शब्द है।

(खण्ड-अ)

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"बाल-मजदूरी की समस्या भारत में एक बड़ी सामाजिक चुनौती बनकर खड़ी है। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इस समस्या का समाधान सभी सामाजिक संस्थाओं और अभिभावकों द्वारा खोजा जाना चाहिए। यह समस्या सभी के लिए है। अत: इसे सभी को व्यक्तिगत तौर पर सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि यह किसी के भी बच्चे के साथ हो सकता है। भयंकर गरीबी और खराब स्कूली व्यवस्था की वजह से बहुत सारे विकासशील देशों में बाल-मजदूरी बेहद आम बात है। बाल-मजदूरी की उच्च दर अभी भी 50 प्रतिशत से अधिक है, जिसमें 5 से 14 साल तक के बच्चे विकासशील देशों में काम कर रहें हैं। कृषि क्षेत्र में बाल-मजदूरी की दर सबसे उच्च है। यह ज्यादातर ग्रामीण और अनियमित शहरी अर्थव्यवस्था में दिखाई देती है। जहाँ अधिकतर बच्चें अपने दोस्तों के साथ खेलने और स्कूल जाने के बजाय अपने

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

माता-पिता के द्वारा कृषि कार्यों में लगाए जाते हैं। बाल-मजदूरी को कम करने के लिए माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को शिक्षित करें, स्कूल भेजें, खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें आदि।''

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

(ख) समास-विग्रह कीजिए एवं प्रकार का नाम लिखिए— [1]
माता-पिता

(ग) कौन-सी समस्या भारत के लिए एक सामाजिक चुनौती बनकर खड़ी है तथा इसका समाधान किसके द्वारा खोजा जाना चाहिए? [2]

(घ) किन कारणों से बाल-मजदूरी विकासशील देशों में आम है? [2]

(ङ) किस क्षेत्र में बाल-मजदूरी की दर सर्वाधिक है तथा वह कहाँ दिखाई देती है? [2]

(च) बाल-मजदूरी को कम करने के लिए माता-पिता को क्या करना चाहिए? [2]

(छ) 'सरकार की <u>जिम्मेदारी</u>' पदबंध में रेखांकित पद का भेद क्या है? [2]

प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''बढ़ जाता है मान वीर का
रण में बलि होने से।
मूल्यवती होती सोने की,
भस्म यथा सोने से।
रानी से भी अधिक हमें अब,
यह समाधि है प्यारी।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की,
आशा की चिनगारी।
इससे भी सुंदर समाधियाँ,
हम जग में हैं पाते।
उनकी गाथा पर निशीथ में,
क्षुद्र जंतु ही गाते।
पर कवियों की अमर गिरा में,
इसकी अमिट कहानी।''

(*i*) वीरों के सम्मान में वृद्धि कैसे होती है? [1]

(*ii*) सोने से भी मूल्यवान क्या है? [1]

(*iii*) काव्य में रानी से भी अधिक प्रिय उनकी समाधि को क्यों कहा गया है? [1]

(*iv*) कवियों की वाणी में क्या विशेषता होती है? [1]

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

(खण्ड–ब)

प्रश्न–3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

(*i*) हमारा देश भारत और उसके प्रति हमारे कर्तव्य

(*ii*) खेलकूद और स्वास्थ्य

(*iii*) पर्यटन के लाभ

(*iv*) क्यों न परहेज करें हम पॉलिथीन से

(*v*) संयुक्त परिवार व्यवस्था

प्रश्न–4 किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें जगह–जगह आवारा घूमने वाले पशुओं की समस्या की ओर जनता और संबंद्ध अधिकारियों का ध्यान खींचा गया हो। [1+3+1]

अथवा

उपसंचालक, शिक्षा विभाग, रायपुर को उनके अधीन सहायक शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र लिखिए। http://www.cgboardonline.com

प्रश्न–5 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए :

(*क*) पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं ?

(*ख*) पत्रकारिता के विविध आयाम क्या हैं ?

(*ग*) फोटो पत्रकारिता का क्या महत्व है ?

(*घ*) फ्लैश या ब्रेकिंग न्यूज किसे कहते हैं ?

प्रश्न–6 प्रमुख नाटककारों के नाम व उनके एक–एक नाटक का नाम लिखिए (कोई *तीन*)।

अथवा

प्रमुख कहानीकारों के नाम व उनके एक–एक कहानी का नाम लिखिए (कोई *तीन*)।

प्रश्न–7 उपन्यास व कहानी में तीन प्रमुख अंतर लिखिए। [1+1+1=

अथवा

नाटक व एकांकी में तीन प्रमुख अंतर लिखिए।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-14 यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों?

अथवा

यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आपके जीवन को दिशा देने में किसका महत्वपूर्ण योगदान रहा और कैसे?

प्रश्न-15 श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की उन विशेषताओं को लिखिए जिन्होंने कविताओं के प्रति लेखक के मन में रुचि जगाई। [4]

अथवा

'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर विचार करते हुए स्पष्ट करें कि क्या यह शीर्षक कथानायक की किसी केंद्रीय चारित्रिक विशेषता को उजागर करता है?

....

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से